भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1326

उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 08 दिसंबर, 2025

17 अग्रहायण, 1947 (शक)

शहडोल की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

1326. श्रीमती हिमाद्री सिंह:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शहडोल क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अंतर्गत संरक्षित प्राचीन स्मारकों की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) संरक्षण एवं नवीकरण हेतु उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस प्रयोजन हेतु स्वीकृत की गई और उपयोग में लाई गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या शहडोल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अब तक असंरक्षित वर्तमान ऐतिहासिक या पुरातात्विक स्थलों की पहचान करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया गया है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन्हें संरक्षित करने हेतु योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री

(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत में 05 केंद्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल हैं। इन केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और यह आवश्यकता एवं संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। ये सभी स्मारक भली-भाँति परिरक्षित हैं। इन 05 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों के संरक्षण, अनुरक्षण और नवीनीकरण पर हुए व्यय का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(घ) और (ड.): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने बांधवगढ़ बाघ संरक्षण क्षेत्र में दो सत्रों अर्थात् 2022-23 और 2023-24 में अन्वेषण/सर्वेक्षण किया है। इस अन्वेषण के दौरान मंदिर, मंदिर के अवशेषों, शिलालेख, चट्टान में तराशी गई गुफाएँ, चट्टान में तराशी गई मूर्तियाँ, चट्टान में तराशी गई जल निकाएँ, स्तूपें, मूर्तियाँ, सिक्कें एवं प्राचीन संरचनाएँ आदि जैसी अनेक कलाकृतियाँ प्राप्त हुए हैं।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 08.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं 1326 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

विगत तीन वर्षों के दौरान संरक्षण कार्यों पर किए गए व्यय का विवरण

(राशि रुपये में)

क्रम सं.	स्मारक का नाम	वित्तीय वर्ष		
		2022-23	2023-24	2024-25
1.	शहडोल जिले के सोहागपुर में विराट मंदिर और अवशेष	9,60,850/-	26,70,299/-	9,15,577/-
2.	अनूपपुर जिले के अमरकंटक में शिव मंदिर	2,99,571/-	11,45,817/-	4,93,602/-
3.	अनूपपुर जिले के अमरकंटक में पतालेश्वर मंदिर	4,27,496/-	5,24,532/-	3,37,546/-
4.	अनूपपुर जिले के अमरकंटक में करण मंदिर	5,29,331/-	7,46,312/-	5,92,756/-
5.	अनूपपुर जिले के सिलहारा में पहली शताब्दी ईस्वी के शिलालेख वाली गुफाएँ	1,42,502/-	2,57,268/-	1,92,001/-

*****